# कम्युनलिज्म वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 3,अंक-4 1 अप्रैल- 30 अप्रैल, 2017


## इस अंक में


**सांप्रदायिक घटनाएं 2-5**

**सांप्रदायिक हिंसा और तनाव**

- राजस्थान में सांप्रदायिक हिंसा
- बिहार में सांप्रदायिक घटनाएं
- झारखंड में तनाव
- पश्चिम बंगाल में तनाव
- उत्तरप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाएं
- आंध्रप्रदेश में सांप्रदायिक विवाद
- गुजरात में तनाव और हिंसा

**न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 11-12**

- सुदर्शन टीवी चैनल पर दंगे भड़काने का आरोप
- संगीत सोम के खिलाफ केस होगा बंद
- फेसबुक पोस्ट: हैदराबाद में युवक गिरफ्तार
- पश्चिम बंगाल में विशेष पुलिस बल पर विचार
- धनंजय देसाई के भाषणों के आधार पर होगा पुणे हत्याकांड का फैसला
- नरोदा पाटिया केस: कोडनानी की याचिका मंजूर
- आरएसएस की मानहानि: कांग्रेस नेता के खिलाफ जमानती वारंट
- प्रशांत भूषण के खिलाफ धार्मिक भावना आहते करने की शिकायत
- बीकानेर में कांग्रेस नेता के खिलाफ धार्मिक भावना आहत करने की शिकायत
- मक्का मस्जिद केस: स्वामी असीमानंद को मिली जमानत

**सांप्रदायिक रणनीति 6-10**

- गोरक्षा के नाम पर आपराधिक घटनाएं बढ़ीं
- अलवर में गौरक्षकों ने की हत्या
- असम में बीफ के आरोप में गिरफ्तारी पर विवाद
- हमले के लिए गोरक्षकों का प्रशिक्षण
- केन्द्र सरकार बनाएगी गाय अभ्यारण्य
- महाराष्ट्र में बूढ़ी गायों के लिए बजट का प्रावधान
- हरियाणा में गौ सेवा आयोग की वेबसाइट लांच
- दिल्ली में गोरक्षकों का हमला
- जम्मू-कश्मीर में गोरक्षकों का हमला
- कर्नाटक में गाय की राजनीति
- राजस्थान में 10 फीसदी काऊ टैक्स का दायरा बढ़ा
- रामनवमी के आयोजन से विवाद
- पश्चिम बंगाल में आरएसएस का प्रोपेगेंडा
- पश्चिम बंगाल में रामनवमी की राजनीति
- भोपाल के क्रिश्चियन स्कूल में बजरंग दल का उत्पात
- कर्नाटक और यूपी में चर्च की प्रार्थना सभा पर विवाद
- गुजरात में चुनावों से पहले ध्रुवीकरण के प्रयास
- गुजरात में सिंधी मुस्लिमों ने गाँव छोड़ा
- बिजनौर कोर्ट में आरोपी पर कार्यकर्ताओं का हमला
- हिंदू युवावाहिनी ने आजमगढ़ का नाम बदलने की माँग की
- उत्तरभारत में विहिप खोलेगा वैदिक स्कूल
- उड़ीसा में घर वापसी का आयोजन

**सांप्रदायिकता पर शोध/ रिपोर्ट 12-13**

- सांप्रदायिक विवादों में भारत चौथे स्थान पर
- गोरक्षा के इतिहास पर शोध

| सांप्रदायिक घटनाएं | | |
|---|---|---|
| **सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव** | | |
| **घटनाएं** | **सम्मिलित संगठन/ समूह** | **दिनांक और घटना स्थल** |
| **राजस्थान में सांप्रदायिक हिंसा**<br>राजस्थान के सीकर में हुए सामान्य विवाद में हिंसा हुई। हिंसक भीड़ ने पथराव किया। सीकर के अलग-अलग इलाकों से कुछ लोग हथियार लेकर बाहर निकले। हिंसा के दौरान पुलिस और आरएसी के 11 जवान घायल हो गए। घटना का कारण खबर में स्पष्ट नहीं है।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/jaipur/communal-clashes-in-sikar-situation-now-under-control/articleshow/57950447.cms<br>http://rajasthanpatrika.patrika.com/story/sikar/tension-in-sikar-2527523.html<br>Date Accessed: 1/4/2017 | स्थानीय समुदाय | 30/3/2017<br>सीकर, राजस्थान |
| **बिहार में सांप्रदायिक घटनाएं**<br>**नवादा**<br>बिहार के नवादा जिले में रामनवमी के दौरान धार्मिक पोस्टर फाड़ने के विवाद में सांप्रदायिक स्थिति बिगड़ी। हिंसक भीड़ ने वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और पथराव किया। तनाव को देखते हुए प्रशासन ने इंटरनेट पर रोक लगा दिया। इस घटना में 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया।<br>http://aajtak.intoday.in/story/tension-curfew-like-situation-navada-ramnavmi-1-921792.html<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/patna/Nawada-on-edge-cuts-off-internet/articleshow/58054833.cms<br>Date Accessed: 7/4/2017<br>**अररिया**<br>अररिया जिले के फारबिसगंज कस्बे में सांप्रदायिक तनाव हुआ। फारबिसगंज की घटना छेड़खानी के आरोपों के बाद हुई। हालांकि इसे विवादित सोशल पोस्ट के बाद एक युवक की गिरफ्तारी से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। भीड़ ने पथराव किया और जगह-जगह प्रदर्शन करते हुए रबड़ टायरों में आग लगा दिया। इस दौरान कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए।<br>**भागलपुर**<br>भागलपुर के जगदंबा चौक में एक मंदिर के बाहर कथित तौर आपत्तिजनक सामग्री मिलने से तनाव हुआ। हिंसक भीड़ ने प्रदर्शन करते हुए रास्ता रोका और टायरों में आग लगा दिया। पुलिस ने तनाव को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगा दिया।<br>http://www.hindustantimes.com/india-news/rumours-stoke-tension-in-bihar-towns/story-kb8CFHLGS51l6Od39QDgJK.html<br>Data Accessed:10/4/2017 | स्थानीय समुदाय<br><br>स्थानीय समुदाय<br><br>स्थानीय समुदाय | 4/4/2017<br>नवादा<br><br>10/4/2017<br>अररिया<br><br>9/4/2017<br>भागलपुर, बिहार |
| **झारखंड में तनाव** | | 11/4/2017 |

| | | |
|---|---|---|
| राँची में बजरंग दल के लोगों द्वारा बजाए जा रहे एक धार्मिक गाने को लेकर विवाद हुआ। एक समुदाय का आरोप था कि इसकी पंक्तियां आपत्तिजनक थीं। सोशल साइट पर इससे जुड़े अफवाह तेजी से फैले जिसके बाद हिंसा शुरू हो गयी। हनुमान जयंती के दिन हुई घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा है कि कुछ लोगों ने एक मस्जिद के बाहर नारेबाजी की जिससे माहौल बिगड़ा। http://www.hindustantimes.com/india-news/objectionable-song-sparks-communal-tension-in-ranchi/story-rbKILG64NlBvQFvjw4Pw2M.html https://scroll.in/latest/834350/ranchi-four-people-injured-in-violence-during-bajrang-dal-members-rally-near-mosque Date Accessed:11/4/2017 | बजरंग दल | राँची, झारखंड |
| **पश्चिम बंगाल में तनाव** | | |
| **जाधवपुर** | | 1/4/2017 |
| जाधवपुर विश्वविद्यालय में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर आयोजित सेमिनार का छात्रों के एक समूह ने शांतिपूर्ण विरोध किया। इस सेमिनार में भाजपा के दिलीप घोष और तथागत राय वक्ता के तौर पर बुलाए गए थे। लेकिन शांति पूर्ण विरोध उस दौरान हिंसक हो गया जब कैंपस में आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने छात्रों के साथ मार-पीट शुरू कर दिया। https://www.youthkiawaaz.com/2017/04/jadavpur-university-scuffle-bjp-rss/ Date Accessed: 1/4/2017 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ | जाधवपुर, पश्चिम बंगाल |
| **कोलकाता** | | |
| कोलकाता के किडरपोर क्षेत्र में भाजपा के युवा संगठन के सदस्यों और मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच झड़प हुई। आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मस्जिद के बाहर मस्जिद तोड़ेंगे, मंदिर बनाएंगे का नारा लगाया। इससे पहले रामनवमी के दौरान भी धार्मिक स्थलों के पास उकसाऊ नारेबाजी की गयी थी। http://www.dnaindia.com/india/report-minor-communal-tension-at-kidderpore-area-in-kolkata-2386606 Date Accessed:7/4/2017 | भारतीय जनता युवा मोर्चा | 6/4/2017 कोलकाता, |
| **हुगली** | | |
| हुगली जिले के तेलिनपारा इलाके में हिंसक तनाव हुआ। कई घरों में आग लगा दिया गया और दुकानों में तोड़-फोड़ हुई। यह घटना भी भाजपा के रामनवमी आयोजन से जुड़ी हुई है। इस घटना में पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया। http://indianexpress.com/article/cities/kolkata/kolkata-10-arrested-for-violence-in-hooghly-4605510/ Date Accessed: 9/7/2017 | भारतीय जनता पार्टी | 8/4/2017 हुगली, पश्चिम बंगाल |
| **उत्तरप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाएं** | | |
| **संभल** | | |
| संभल के मोहल्लाठेर में धार्मिक किताब जलाने के कथित मामले को लेकर तनाव हुआ। आरोप है कि अराजक तत्वों ने किताब पर थूका। इस दौरान फैली अफवाहों से भी माहौल बिगड़ा। प्रशासनिक हस्तक्षेप से विवाद आगे नहीं बढ़ा। http://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sambhal/sambhal-communal-activity Date Accessed:29/4/2017 | अराजक तत्व | 28/4/2017 संभल |
| **बहराइच** | | 31/3/2017 |

| | | |
|---|---|---|
| उत्तरप्रदेश के बहराइच जिले में एक चिकित्साधिकारी के फार्म हाउस से कथित तौर पर गायों का शव मिलने पर तनाव हुआ। विहिप और हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराया। आरोप है कि इसका इस्तेमाल कुछ आर्युवेदिक दवाओं को बनाने के लिए किया जा रहा था जो प्रतिबंधित और दुर्लभ हैं।<br>http://www.hindustantimes.com/lucknow/uttar-pradesh-tension-in-bahraich-village-after-cow-carcasses-found-in-farm-house/story-94QrkgzV0fnlz4iVIaaAsO.html<br>Date Accessed:1/4/2017 | | बहराइच, उत्तरप्रदेश |
| **बिजनौर**<br>बिजनौर के जोगीरामपुरी गाँव में लाउडस्पीकर को लेकर विवाद हुआ। विवाद की शुरुआत रामनवमी के दिन लाउडस्पीकर बजाने को लेकर हुई। नमाज के दौरान लाउडस्पीकर न बजाने देने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। लाउडस्पीकर लगाने को लेकर प्रशासन ने दोनों पक्षों में समझौता कराया था जिसे हिंदू समुदाय के लोगों ने नहीं माना।<br>http://www.jansatta.com/national/tension-over-loudspeakers-in-bijnor-normalcy-is-yet-to-return/299858/<br>Date Accessed:9/4/2017 | स्थानीय समुदाय | 15/4/2017<br>बिजनौर, उत्तरप्रदेश |
| **सहारनपुर**<br>सहारनपुर के गाँव दूधली में दो समुदाय के बीच पथराव और फायरिंग हुआ। विवाद आंबेडकर जयंती के आयोजन के दौरान हुआ जिसमें दुकानों और वाहनों में आग लगा दिया गया। इस घटना में दो पुलिसकर्मी सहित अन्य लोग घायल हुए। बताया जाता है कि इस दौरान निकल रही यात्रा का मार्ग एक पक्ष ने रोक दिया। प्रशासन ने भी इसके लिए अनुमति नहीं दी थी। जिसके बाद भाजपा सांसद राघव लखनपाल कुछ कार्यकर्ताओं के साथ पहुँच गए।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/communal-violence-gunfight-in-saharanpur-village-over-ambedkar-jayanti-procession-many-hurt/articleshow/58285856.cms<br>Date Accessed: 20/4/2017 | स्थानीय समुदाय | 20/4/2017<br>सहारनपुर, उत्तरप्रदेश |
| **आगरा**<br>फतेहपुर सीकरी में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की। इसके बाद आगरा के सदर बाजार में हिंदुत्ववादी संगठन ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट किया। फतेहपुर सीकरी में हुई घटना में पुलिस ने हिंदुत्ववादी संगठन के 14 लोगों को गिरफ्तार किया। हिंदुत्ववादी गुटों ने विवाद को बढ़ाते हुए ताजमहल में जबरन घुसने की कोशिश की। इस विवाद में 200 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ।<br>http://www.dnaindia.com/india/report-agra-bajrang-dal-and-vhp-members-unite-against-police-to-prison-break-detainees-2413197<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/200-right-wing-activists-booked-for-attempted-murder-arson-in-agra/articleshow/58330179.cms<br>Date Accessed:24/4/2017 | हिंदुत्ववादी संगठन | 22/5/2017<br>फतेहपुरसीकरी, आगरा, उत्तरप्रदेश |
| **बुलंदशहर**<br>उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर में एक नहर में जानवरों के 6 शव मिलने के कारण तनाव हुआ है। कथित तौर पर इन गायों की चोरी हुई थी। लखनवाड़ा गाँव के इस विवाद में हिंदुत्वादी संगठन भी शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों पर पथराव किया।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/violence-in-bulandshahr-after-cows-stolen-slaughtered/articleshow/57924908.cms | हिंदुत्ववादी संगठन | बुलंदशहर, उत्तरप्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| Date Accessed: 31/3/2017<br>**मुरादाबाद**<br>मुरादाबाद के मुगलपुरा इलाके में स्थानीय मांस विक्रेताओं ने कथित तौर पर मीट का टुकड़ा फेंका जो लोगों पर जाकर गिरा। इससे तनाव की स्थिति पैदा हो गयी। इस मामले में 90 लोगों के खिलाफ दंगा भड़काने का केस दर्ज किया गया है। उत्तरप्रदेश के कई इलाकों में अवैध बूचड़खानों और मीट की दुकानों पर कार्रवाई के चलते विरोध हुआ।<br>http://www.outlookindia.com/website/story/tension-in-muradabad-as-local-meat-sellers-throw-pieces-of-meat-in-air/298391<br>Date Accessed:31/4/2017 | स्थानीय समूह | 29/3/2017 मुरादाबाद, उत्तरप्रदेश |
| **आंध्रप्रदेश में सांप्रदायिक विवाद**<br>आंध्रप्रदेश के चिक्कड़पल्ली में दो समुदायों के बीच हुए विवाद में 14 लोग घायल हो गए। आधी रात कुछ लोगों ने अल्पसंख्यक समुदाय के एक लड़के को असवाधानी से गाड़ी चलाने के चलते पीटा। पिटाई के कारण विवाद बढ़ा और स्थानीय लोग भी इसमें शामिल हो गए। हालांकि प्रशासन ने इसे सांप्रदायिक विवाद नहीं कहा है।<br>https://telanganatoday.news/two-groups-clash-chikkadpally-14-injured<br>Date :17/4/2017 | स्थानीय समुदाय | 16/4/2017 चिक्कड़पल्ली, आंध्रप्रदेश |
| **गुजरात में तनाव और हिंसा**<br>गुजरात के अमरेली जिले के सावरकुंडला जिले में दो समुदायों के बीच हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। विवाद की शुरुआत उस दौरान हुई जब एक समुदाय के लोगों ने बलात्कार का आरोप लगाकर 24 साल के एक मुस्लिम युवक और दो अन्य युवकों पर हमला किया।<br>http://indiatoday.intoday.in/story/guj-1-hurt-in-communal-clash-cops-fire-tear-gas-shells/1/916997.html<br>Date Accessed: 30/3/2017 | स्थानीय समुदाय | 30/4/2017 अमरेली, गुजरात |

| सांप्रदायिक रणनीतियां | |
|---|---|
| **सांप्रदायिक संगठन** | |
| **रणनीतियां** | **सम्मिलित संगठन** |
| ***गौ मुद्दे से जुड़ी खबरें*** **गोरक्षा के नाम पर आपराधिक घटनाएं बढ़ीं** मई 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद से गोरक्षा के नाम पर होने वाली आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। ज्यादातर घटनाओं में पीड़ित मुस्लिम और दलित रहे हैं। गोरक्षा भारत भर में अवैध तरीके से पैसे वसूलने का भी जरिया बन गया है। यहां तक कि पुलिस आँकड़ों में भी गोहत्या की दर्ज घटनाएं फर्जी सिद्ध हुई। राजस्थान पुलिस के 2015 में 73 केस फर्जी पाए गए और 2016 में पुलिस ने 85 केस बंद किया। http://www.catchnews.com/india-news/trail-of-blood-complete-timeline-of-cow-vigilante-violence-in-last-2-years-57084.html Date Accessed:7/4/2017 | भारतीय जनता पार्टी |
| **अलवर में गौरक्षकों ने की हत्या** अलवर में गोहत्या के आरोप में 55 साल के पहलू खान को गोरक्षकों ने पीटकर मार डाला। घटना 1 अप्रैल की है जब जयपुर मेले से पहलू खान एक और व्यक्ति के साथ गाय खरीदकर लौट रहे थे। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े लोगों ने उन्हें रोका और हमला कर दिया। इस मामले में राजस्थान के गृहमंत्री ने सही तथ्य पेश नहीं किया। जाँच में पता चला कि पहलू खान पर इससे पहले किसी तरह का केस दर्ज नहीं था। http://www.asianage.com/india/all-india/070417/alwar-lynching-rajasthan-govt-sets-up-probe-team.html http://hindi.catchnews.com/state-news-in-hindi/there-is-no-case-of-cattle-smuggling-against-pahlu-khan-says-alwar-police-58957.html Date Accessed: 26/4/2017 | बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद |
| **असम में बीफ के आरोप में गिरफ्तारी पर विवाद** असम के जोरहाट में तीन लोगों को धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी गौमांस के आरोप में हुई है। ऐसा कहा जा रहा है कि असम में संभवत: पहली बार इस तरह के आरोपों में गिरफ्तारी हुई है। जोरहाट हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए जाना जाता है। http://timesofindia.indiatimes.com/city/guwahati/congress-slams-bjp-for-beef-arrests-in-jorhat/articleshow/58089894.cms Date Accessed:9/4/2017 | असम पुलिस |
| **हमले के लिए गोरक्षकों का प्रशिक्षण** इंडिया टुडे के स्टिंग आपरेशन से गोरक्षकों की वास्तिवकता और उनके हमले की रणनीति सामने आयी। इन्हें हमले के लिए अलग तरह से प्रशिक्षित किया जाता है। हमला इस तरह किया जाता है कि बाहरी चोट न हो लेकिन हड्डियां, मांसपेशियां और पैर फ्रैक्चर करते हैं। इन संगठनों के पास हथियार भी होते हैं। | गोरक्षक संगठन |

| | |
|---|---|
| http://indiatoday.intoday.in/story/cow-vigilante-gau-rakshak-attacks-india-today/1/934085.html<br>Date Accessed:20/4/2017 | |
| **केन्द्र सरकार बनाएगी गाय अभ्यारण्य**<br>केन्द्र सरकार राज्यों में टाइगर प्रोजेक्ट की तर्ज पर गायों का अभ्यारण्य बना सकती है। गृह राज्यमंत्री हंसराज अहीर ने कहा है कि सरकार इसके लिए जमीन खोजेगी। इससे गो हत्या पर रोक लग जाएगी और किसान अपनी बूढ़ी गाय नहीं बेचेंगे। बयान के अनुसार इस संबंध में पर्यावरण मंत्रालय से बात हुई है।<br>https://scroll.in/latest/835218/centre-plans-project-cow-which-will-have-sanctuaries-to-protect-the-animals<br>Date Accessed:21/4/2017 | केन्द्र सरकार |
| **महाराष्ट्र में बूढ़ी गायों के लिए बजट का प्रावधान**<br>महाराष्ट्र के 34 जिलों में गोवर्धन गोवंश सेवा केन्द्र बनाने का आदेश जारी किया है। राज्य सरकार ने इसके लिए बजट की घोषणा की है। इस तरह के केन्द्रों पर अनुपयोगी गायों को रखा जाएगा। राज्य में प्रतिबंध के बाद इस तरह के जानवरों की संख्या तेजी से बढ़ी है। शुरुआत में एक केन्द्र को इसके लिए 1 करोड़ रूपए देने का प्रावधान है।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/nagpur/cow-protection-centres-to-be-set-up-in-34-districts/articleshow/58402417.cms<br>Date Accessed:28/4/2017 | महाराष्ट्र सरकार |
| **हरियाणा में गौ सेवा आयोग की वेबसाइट लांच**<br>हरियाणा सरकार ने गौ सेवा आयोग से जुड़ी वेबसाइट की शुरुआत की। इस पर सरकार गोशालाओं की सूची और वार्षिक बजट के आवंटन जैसी जानकारियां उपबल्ध होंगी। राज्य में अभी 425 गोशालाएं हैं।<br>http://www.dnaindia.com/india/report-haryana-launches-portal-for-info-on-cow-protection-commission-2417430<br>Date Accessed: 26/4/2017 | हरियाणा गौ सेवा आयोग |
| **दिल्ली में गोरक्षकों का हमला**<br>दिल्ली के कालका जी में तीन व्यक्तियों पर गौरक्षकों ने हमला किया। वे ट्रक से हरियाणा के पटौदी से पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर 14 भैंस लेकर लौट रहे थे। पुलिस ने इस घटना में People For Animal संस्था के कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। इससे पहले पुलिस ने अपराधियों को खोजने के बजाय PFA की शिकायत के आधार पर तीनों पीड़ितों पर केस दर्ज किया। इससे पहले 2014 में 6 से अधिक ट्रकों पर हमला करने में इस संस्था का नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ आया था।<br>http://indianexpress.com/article/india/3-transporting-buffaloes-assaulted-at-kalkaji-1-held-another-pfa-member-emerges-as-suspect-4626992/<br>http://indianexpress.com/article/india/kalkaji-buffalo-assault-maneka-gandhi-pfa-chied-haryana-delhi-suspect-trained-gau-rakshak-cow-protection-assault-4627037/<br>https://scroll.in/article/835440/delhi-police-fail-to-identify-men-who-beat-up-buffalo-traders-but-book-victims-for-animal-cruelty<br>http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/tp-newdelhi/in-midnight-raid-activists-and-rss-cadre-seize-trucks-carrying-cattle/article6140156.ece<br>Date Accessed:25/4/2017 | People For Animal |

| | |
|---|---|
| **जम्मू-कश्मीर में गोरक्षकों का हमला**<br>जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के तलवारा इलाके में गोरक्षकों ने एक बंजारा परिवार के लोगों पर हमला किया जिसमें 9 साल की एक लड़की भी घायल हो गयी। बंजारे अपने जानवरों के साथ लौट रहे थे। और गोरक्षक दल के लोगों ने लोहे की छड़ों के साथ उन पर हमला कर दिया। इस घटना में पुलिस ने चार गोरक्षकों के खिलाफ केस दर्ज किया।<br>http://www.firstpost.com/india/cow-vigilantism-in-jammu-and-kashmir-five-including-9-year-old-girl-from-a-family-of-nomads-beaten-by-gau-rakshaks-3398068.html<br>Date Accessed: 22/4/2017<br>**कर्नाटक में गाय की राजनीति**<br>कर्नाटक में गौ संरक्षण प्रकोष्ठ और कर्नाटक गोशाला फेडरेशन ने माँग की कि बंगलौर में 1700 मीट शॉप को बंद किया जाए। गोरक्षक कर्नाटक हाइकोर्ट के 1997 के एक आदेश का हवाला दे रहे हैं जिसमें कहा गया था कि स्लाटर हाउस और मीट शॉप को शहर के बाहर बनाया जाए। संगठनों का दावा है कि सिर्फ 43 के पास लाइसेंस है। बजरंग दल और विहिप राज्य में गुजरात जैसे कानून के माँग कर रहे हैं।<br>http://www.dnaindia.com/india/report-anti-non-veg-vigilantes-go-after-meat-shops-in-bengaluru-say-1700-are-illegal-2377529<br>Date Accessed: 1/4/2017<br>**राजस्थान में 10 फीसदी काऊ टैक्स का दायरा बढ़ा**<br>राजस्थान में भाजपा सरकार इस वित्तीय वर्ष से 10 फीसदी काऊ टैक्स लगाएगी। यह टैक्स प्रापर्टी खरीदने, मकान के किराए पर, लीज अग्रीमेंट आदि पर लागू होगा। आदेश में कहा गया है कि काऊ टैक्स गोवंश के संरक्षण के लिए है। पिछले बजट में भी यह लागू था लेकिन 2017-18 में इसका दायरा बढ़ा दिया गया है।<br>http://www.catchnews.com/politics-news/cow-cess-freedom-movement-invocation-bjp-s-latest-tools-for-cow-politics-57107.html<br>Date Accessed: 8/4/2017 | गोरक्षक दल<br><br>गौ संरक्षण प्रकोष्ठ, कर्नाटक गोशाला फेडरेशन, विहिप, बजरंग दल<br><br>राजस्थान सरकार |
| ***पश्चिम बंगाल में आरएसएस की रणनीति***<br>**पश्चिम बंगाल में आरएसएस का प्रोपेगेंडा**<br>कोयंबटूर में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में पश्चिम बंगाल को लेकर रणनीति बनी है। बंगाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन और उसके धड़े बंगाल में जेहाद गतिविधियों का कथित मुद्दा उठाएंगे। जिसमें प्रमुख हैं हिंदू आबादी में असंतुलन। साउथ 24 परगना के बेरुईपुर में गो सेवा का अभियान शुरू होगा।<br>http://www.news18.com/news/india/beef-shops-near-temples-causing-a-spike-in-communal-tensions-1368663.html<br>Date Accessed: 5/4/2017<br>**पश्चिम बंगाल में रामनवमी की राजनीति**<br>पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में आरएसएस और उसके संगठनों ने रामनवमी का आयोजन किया और इस अवसर पर निकाली गयी यात्राओं में तलवार, चाकू और दूसरे हथियारों के साथ प्रदर्शन हुआ। राज्य भर में करीब 150 रैलियां निकाली गयीं। यह रैलियां खास तौर पर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील जिलों में आयोजित की गयीं। इतने बडे पैमाने पर बंगाल में रामनवमी का आयोजन आमतौर पर नहीं होता | भाजपा, आरएसएस |

| | |
|---|---|
| रहा है। http://indianexpress.com/article/india/over-150-rallies-on-ram-navami-swords-saffron-flags-chants-of-jai-shri-ram-in-bengal-4601213/ Date Accessed:6/4/2017 | |
| **भोपाल के क्रिश्चियन स्कूल में बजरंग दल का उत्पात** भोपाल में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मिशनरी स्कूल को रामनवमी के दिन जबरन बंद कराने की कोशिश की। शिक्षा विभाग ने इस मामले की जाँच का आदेश दिया है। आरोपों के अनुसार जिस दिन भगवा संगठनों ने विवाद किया उस दिन सीबीएसई की 12वीं की परीक्षाएं हो रही थीं। कार्यकर्ता जबरन परीक्षा केन्द्र के भीतर दाखिल हो गए जो सीबीएसई के गाइडलाइन के खिलाफ है। http://timesofindia.indiatimes.com/city/bhopal/probe-into-schools-forced-closure-in-bhopal/articleshow/58059811.cms Date Accessed: 7/4/2017 | बजरंग दल |
| **कर्नाटक और यूपी में चर्च की प्रार्थना सभा पर विवाद** बंगलुरु में 9 अप्रैल को आयोजित एक प्रार्थना सभा को रद्द कर दिया। बजरंग दल ने इस कार्यक्रम को लेकर आपत्ति की थी कि यहां जबरन धर्मांतरण किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 1000 लोग शामिल हो रहे थे। इसी तरह का एक आयोजन उत्तरप्रदेश के महाराजगंज में रद्द किया गया। वहाँ हिंदू युवावाहिनी ने इसे लेकर विवाद की कोशिश की। http://www.news18.com/news/india/now-christian-prayer-meet-called-off-in-bengaluru-after-saffron-groups-complain-1370068.html http://www.outlookindia.com/website/story/police-halts-church-meeting-in-up-after-hindu-yuva-vahini-alleges-conversion/298480 https://scroll.in/article/834807/we-have-changed-our-faith-not-our-religion-scenes-from-church-in-crosshairs-of-adityanaths-men Date Accessed:17/4/2017 | बजरंग दल (बंगलुरू), हिंदू युवावाहिनी (उत्तरप्रदेश) |
| **गुजरात में चुनावों से पहले ध्रुवीकरण के प्रयास** गुजरात विधानसभा चुनावों से पहले गुजरात में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास शुरू हो गए हैं। गौ हत्या को लेकर विधानसभा में नया कानून, पाटन में हुई व्यापक हिंसा और विहिप का विराट हिंदू सम्मेलन से इसका संकेत मिल रहा है। उत्तरी गुजरात के पाटन जिले के वडावली गाँव में हुई घटना से तनाव बढ़ रहा है। http://www.catchnews.com/politics-news/gujarat-riots-cow-slaughter-law-set-the-tone-for-communally-charged-polls-56418.html Date Accessed:1/4/2017 | हिंदुत्ववादी संगठन |
| **गुजरात में सिंधी मुस्लिमों ने गाँव छोड़ा** गुजरात के अरावली जिले के एक गाँव में विहिप और बजरंग दल का बोर्ड लगा हुआ है जिसमें लिखा है कि हिंदू राष्ट्र के वडगाम, धनसुरा, हरसोल और तालोड में आपका स्वागत है। गाँव मिश्रित आबादी का है। 1400 परिवारों के इस गाँव में 35 सिंधी मुस्लिम भी रहते थे। 23 मार्च को एक लड़की के शारीरिक शोषण के आरोप में विवाद बढ़ा और मुस्लिम परिवारों ने गाँव छोड़ दिया। https://thewire.in/129132/gujarat-sindhi-muslim-vadagam/ Date Accessed: 27/4/2017 | स्थानीय समुदाय, विहिप, बजरंग दल |

| | |
|---|---|
| **बिजनौर कोर्ट में आरोपी पर कार्यकर्ताओं का हमला**<br>बिजनौर में हिंदूवादी संगठनों ने जिला कचहरी में 60 साल के बलात्कारी के एक आरोपी के साथ धक्का-मुक्की की। महिला कार्यकर्ताओं ने आरोपी को चप्पलों से मारा। रफीक अहमद पर 12 साल की एक लड़की के बलात्कार का आरोप है।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/rape-accused-thrashed-by-bajrang-dal-men-in-bijnor-court-as-policemen-watch/articleshow/58199227.cms<br>Date Accessed: 16/4/2017 | हिंदूवादी संगठन |
| **हिंदू युवावाहिनी ने आजमगढ़ का नाम बदलने की माँग की**<br>हिंदू युवावाहिनी ने आजमगढ़ का नाम बदलकर आर्यमगढ़ करने की माँग की। 16 अप्रैल को आजमगढ़ में एक सभा में हिंदू युवावाहिनी ने कहा कि आजमगढ़ ऋषि दुर्वासा की जमीन है। संगठन ने हवाला दिया कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ भी अपने पहले के भाषणों में इसे आर्यमगढ़ कहते रहे हैं। इतिहास के अनुसार नवाब आजम ने 1665 में आजमगढ़ को बसाया था।<br>http://www.hindustantimes.com/lucknow/rename-azamgarh-as-aryamgarh-demands-yogi-adityanath-s-hindu-yuva-vahini/story-wB7sgqicGb4BdKCU7uCLIJ.html<br>Date Accessed: 3/5/2017 | हिंदू युवावाहिनी |
| **उत्तर भारत में विहिप खोलेगा वैदिक स्कूल**<br>विश्व हिंदू परिषद उत्तर भारत में 10 वैदिक स्कूल खोलेगा। मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, पंजाब और हरियाणा में इन्हें खोला जाएगा। महर्षि वेद व्यास प्रतिष्ठान, पुणे और विश्व हिंदू परिषद देश भर में 27 वैदिक विद्यालय चला रहा है जिसमें 1000 बच्चे पढ़ रहे हैं। ये मुफ्त स्कूल हैं और संगठन एक माह में 4000 रुपए प्रति छात्र का खर्च वहन करता है। इस तरह के स्कूल मणिपुर, कोलकाता, जम्मू, पुणे, अमरावती और पुष्कर में भी चल रहे हैं।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/allahabad/vhp-plans-to-set-up-10-new-vedic-vidyalayas/articleshow/58001954.cms<br>Date Accessed:4/4/2017 | विश्व हिंदू परिषद |
| **उड़ीसा में घर वापसी का आयोजन**<br>उड़ीसा में घर वापसी के तहत विहिप ने 16 ईसाइयों का पुर्नधर्मांतरण कराया। यह कार्यक्रम राजनीतिक रूप से संवेदनशील केन्द्रपाड़ा जिले के गाँव बाउलाकनी के एक मंदिर में हुआ। जिला मजिस्ट्रेट ने इस मामले की जाँच का आदेश दिया है कि यह कार्यक्रम कानून के तहत हुआ या नहीं।<br>http://www.dnaindia.com/india/report-ghar-wapasi-in-odisha-after-14-christians-embrace-hinduism-in-front-of-vhp-2420771<br>Date Accessed:28/4/2017 | विश्व हिंदू परिषद |

## न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

### सुदर्शन टीवी चैनल पर दंगे भड़काने का आरोप

सुदर्शन टीवी चैनल के एडीटर-इन चीफ और चीफ मैनेजिंग डाइरेक्टर पर धार्मिक आधार पर माहौल खराब करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई। आईपीसी की कई धाराओं के तहत सुरेश चव्हाणके पर टेलीविजन पर संभल प्रकरण में 6 से 8 अप्रैल के बीच आपत्तिजनक सामग्री के प्रसारण का आरोप है। सुदर्शन टीवी चैनल दक्षिणपंथी संगठनों और हिंदुत्व का समर्थक चैनल है। इस विवाद में कांग्रेस नेता इसरत हुसैन बाबर पर चैनल मालिक को धमकाने का भी आरोप है।

http://www.jantakareporter.com/india/fir-lodged-sudarshan-tv/115356/
http://www.business-standard.com/article/pti-stories/govt-promises-action-agnst-tv-channel-for-spreading-disharmony-

117041200474_1.html
Date Accessed:12/4/2017

## संगीत सोम के खिलाफ केस होगा बंद

एसआईटी ने मुजफ्फरनगर दंगे के आरोपी संगीत सोम के मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल किया। संगीत सोम पर सोशल साइट पर भड़काऊ वीडियो जारी करने का आरोप था। इस मामले में फेसबुक मुख्यालय ने ब्यौरे उपलब्ध नहीं कराए इसलिए पर्याप्त सबूतों न होने के कारण केस बंद किया जाएगा।

http://indianexpress.com/article/india/clean-chit-for-sangeet-som-in-inflammatory-video-case-4613748/
Date Accessed: 15/4/2017

## फेसबुक पोस्ट: हैदराबाद में युवक गिरफ्तार

हैदराबाद में एक आपत्जिनक पोस्ट के मामले में युवक को गिरफ्तार किया गया। 22 साल के एक युवक ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली तस्वीर साझा किया था जिसमें काबा के गुंबद पर हिंदू देवता हनुमान को बैठा हुआ दिखाया गया था।

http://www.thenewsminute.com/article/hyderabad-man-arrested-sharing-blasphemous-picture-hanuman-top-kaaba-61144
Date Accessed: 28/4/2017

## पश्चिम बंगाल में विशेष पुलिस बल पर विचार

पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक घटनाओं को देखते हुए सरकार नया पुलिस बल बनाने पर विचार कर रही है। हालांकि दंगों से निपटने के लिए विशेष पुलिस बल बनाने में अधिक बजट की जरूरत होगी। हाल ही में धुलागढ़, मयूरेश्वर, रामपुरहाट, आसनसोल, चिनसूराह, चंदननगर, खड़गपुर, मोरघाट, मटियाबुर्ज, किडरपोड, तेहट्टा, नईहाटी सहित कई जगहों पर सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं।

http://www.huffingtonpost.in/2017/04/21/worried-bengal-govt-plans-to-form-a-new-force-to-handle-communal_a_22048915/
Date Accessed:21/4/2017

## धनंजय देसाई के भाषणों के आधार पर होगा पुणे हत्याकांड का फैसला

हिंदू राष्ट्र सेना के प्रमुख धनंजय देसाई ने 2014 के पुणे मर्डर केस में आरोपों से मुक्त करने की याचिका दी। कोर्ट ने कहा कि वह पुणे हत्याकांड से कुछ महीने पहले धनजंय देसाई के दिए गए भाषण के आधार पर विचार करेगी। इस पर कोई विवाद नहीं है कि धनंजय देसाई हत्या के वक्त घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। इसके अलावा एक अन्य मामले में धनंजय देसाई सहित 14 लोगों को सेशन कोर्ट ने बरी कर दिया।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/mumbai/hate-crime-hc-to-decide-if-5-month-old-speech-calls-for-
http://timesofindia.indiatimes.com/city/pune/hrs-chief-14-others-acquitted-in-murder-attempt-rioting-case/articleshow/58369109.cmsmurder-conspiracy-charge/articleshow/58172772.cms
Date Accessed:26/4/2017

## नरोदा पाटिया केस: कोडनानी की याचिका मंजूर

2002 के नरोदा पाटिया नरसंहार मामले में माया कोडनानी की उस याचिका को अदालत ने मंजूर किया था जिसमें भाजपा अध्यक्ष अमित शाह सहित 14 अन्य लोगों को गवाह बनाने की मांग की गयी थी। कोडनानी का कहना था कि इससे साबित हो जाएगा कि वह घटनास्थल पर मौजूद नहीं थीं। एसआईटी ने इस याचिका का विरोध किया है। इस मामले में पीड़ित शरीफ मलिक ने कोडनानी की जमानत रद्द करने की याचिका दी है।

https://khabar.ndtv.com/news/india/maya-kodnani-gujarat-riots-convict-can-call-amit-shah-says-court-1681036
http://hindi.catchnews.com/political-news-in-hindi/sit-against-maya-kodnani-plea-to-summon-bjp-president-amit-shah-58927.html
https://khabar.ndtv.com/news/india/2002-gujarat-riots-demand-for-judge-change-in-naroda-case-1683095
Date Accessed:26/4/2017

## आरएसएस की मानहानि: कांग्रेस नेता के खिलाफ जमानती वारंट

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आपत्तिजनक टिप्पणी के 2013 के एक मामले में गुना की अदालत ने कांग्रेस नेता के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया। कांग्रेस सांसद कांति लाल भूरिया इस मामले में आरोपी हैं।

http://www.newindianexpress.com/nation/2017/apr/26/madhya-pradesh-court-issues-bailable-warrant-to-ex-union-minister-for-rss-

defamation-case-1597752.html
Date Accessed: 26/4/2017

### प्रशांत भूषण के खिलाफ धार्मिक भावना आहते करने की शिकायत

विश्व हिंदू परिषद ने चित्तौड़गढ़ में अधिवक्ता प्रशांत भूषण के खिलाफ पुलिस शिकायत की। इसमें कहा गया है कि हिंदू देवता श्री कृष्ण पर प्रशांत भूषण ने आपत्तिजनक टिप्पणी की। प्रशांत भूषण ने एंटी रोमियो स्कवॉड के गठन के बाद विरोध में एक टिप्पणी की थी।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/jaipur/plaint-against-bhushan-for-offensive-tweet-on-lord-krishna/articleshow/58002137.cms
Date Accessed:4/4/2017

### बीकानेर में कांग्रेस नेता के खिलाफ धार्मिक भावना आहत करने की शिकायत

बीकानेर में करणी सेना और हिंदू जागरण मंच ने कांग्रेस नेता गोविंद राम मेघवाल के खिलाफ धार्मिक भावना आहत करने की पुलिस शिकायत की। हिंदुत्ववादी संगठनों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने आंबेडकर जयंती के दिन हिंदू देवता श्रीकृष्ण, हनुमान और करणी माता पर टिप्पणियां की।

http://www.hindustantimes.com/jaipur/bikaner-cong-leader-booked-for-insulting-remarks-on-deities/story-IR7hD1H4jCuUlD6A0DTFFN.html
Date Accessed:16/4/2017

### मक्का मस्जिद केस: स्वामी असीमानंद को मिली जमानत

2007 के मक्का मस्जिद विस्फोट केस के आरोपी स्वामी असीमानंद को हैदराबाद जेल से रिहा कर दिया गया। असीमानंद के साथ भारत मोहनलाल रत्नेश्वर को भी जमानत पर रिहा गया। इससे पहले सेशन कोर्ट ने रतेश्वर को रिहा किया था।

http://indiatoday.intoday.in/story/swami-aseemanand-rss-mecca-masjid-blast-case-samjhauta-express-hyderabad-bharat-mohanlal-rateshwar/1/917954.html
Date Accessed:1/4/2017

## सांप्रदायिकता पर शोध/रिपोर्ट

### सांप्रदायिक विवादों में भारत चौथे स्थान पर

Pew Research Center ने 198 देशों में धार्मिक असहिष्णुता का विश्लेषण किया है। भारत इसमें चौथे स्थान पर है। सीरिया, नाइजीरिया और इराक भारत से ऊपर है। इस विश्लेषण में हिंसक भीड़, सांप्रदायिक हिंसा, धर्म आधारित आतंकी घटनाएं, धार्मिक मान्यताओ को जबरन थोपने, औरतें के शोषण, ड्रेस कोड, धर्मांतरण आदि को शामिल किया गया है।

https://qz.com/959802/india-is-the-fourth-worst-country-in-the-world-for-religious-violence/
Date Accessed:14/4/2017

### गोरक्षा के इतिहास पर शोध

1880 में गाय बचाने का आंदोलन शुरू हुआ। तब आर्यसमाज ने गोकरुण निधि प्रकाशित किया। बाद के दौर में अलग-अलग तरीकों से गाय को एक पवित्र जानवर में बदला गया। गाय को मां के प्रतीक के रूप में बदलने में बनाने में किताबों, भजन, हैंड बिल और गाय पर केन्द्रित अखबार, कैलेंडर आदि का रणनीतिक इस्तेमाल भी शामिल हैं।

http://indianexpress.com/article/research/literature-and-visuals-from-1880s-1940s-show-how-projection-of-gau-mata-became-symbolical-of-hindu-manliness-created-a-religious-rift/
Date Accessed: 5/4/2017

**Connect with RGICS at:** info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है।